Bhajan ki lyrics

## Bhajankilyrics

# राम प्रभु पे विपदा आई जल्दी आओ ना

Downloaded on: May 4, 2025

राम प्रभु पे विपदा आई जल्दी आओ ना राम प्रभु पे विपदा आई, जल्दी आओ ना, शक्ति लिगी लक्ष्मण के, हनुमत प्राण बचाओ ना, अंजनी के दुलारे मेरे, अंजनी के दुलारे, अंजनी के दुलारे प्रभु के, काज बनाओ ना।। द्रोणागिरि पर वेद बताई, संजीवन कहलाए, सूरज उगने से पहले, ये बूटी कैसे आए, हे बजरंगी अपने बल का, ध्यान लगाओ ना, रामप्रभु पे विपदा आयी, जल्दी आओ ना, शक्ति लिगी लक्ष्मण के, हनुमत प्राण बचाओ ना।। द्रोणागिरि पे पहुंचे हनुमत, बूटी समझ ना आए, मन ही मन मे सोच रहे है, कैसे पता लगाएं, आख़िर मन में ठान लिया, पर्वत ही उठाओ ना, रामप्रभु पे विपदा आयी, जल्दी आओ ना, शक्ति लिगी लक्ष्मण के, हनुमत प्राण बचाओ ना।। संजीवन ले हनुमत पहुंचे, राम के काज बनाएं, वेदराज ने बूटी दे, लक्ष्मण के प्राण बचाएं, रामप्रभु बोले हनुमत से, गले लग जाओ ना, राम पे जब भी विपदा आई, हनुमत दौड़े आए 'नाथ गुलाब' महिमा थारी, हरष हरष कर गाए, 'विनय' कहे नैया मेरी भी, पार लगाओ ना।। राम प्रभु पे विपदा आई, जल्दी आओ ना, शक्ति लिगी लक्ष्मण के, हनुमत प्राण बचाओ ना, अंजनी के दुलारे मेरे, अंजनी के दुलारे, अंजनी के दुलारे प्रभु के, काज बनाओ ना।।

© 2025 Bhajankilyrics. All rights reserved.